दिन– सोमवार दिनांक– 02 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट का संवाद और कूटनीति से समाधान निकालने का आह्वान किया। कहा– भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

02 नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले भारत–नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई। आज मध्य रात्रि से पांच मार्च की मध्य रात्रि तक सीमाएं रहेंगी सील।

03. मौसम विभाग ने कहा– राज्य में मार्च से मई महीने के बीच सामान्य से अधिक गर्मी रहेगी। कई जगहों पर लू की भी जताई आशंका।

04. और, होलिका दहन आज। बुधवार को मनाया जायेगा रंगो का त्योहार होली।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट का संवाद और कूटनीति से समाधान निकालने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि भारत हमेशा संवाद और बातचीत के माध्यम से समस्याओं के समाधान का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

–––बाइट–––

---

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार इस्राएल–ईरान संघर्ष पर लगातार नजर बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारतीय नागरिकों के बचाव और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तत्परता से काम करती रहेगी।

–––बाइट–––

विदेश में जो हमारे भारतीय लोगों का समस्या जैसे होती है उनको लाने में और संभालने में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो आज तक होते आए हैं, कभी भी पहले ऐसे कोई सरकार नहीं करती थी। इतना व्यापक सहायता करते हैं। विदेश मंत्रालय के अपनेदृअपने मिशन्स होते हैं, हर देश में, उन मिशन्स के माध्यम से भारतीय लोगों को मदद करते हैं हमेशा।

—————————————————————————————————

ईरान और इस्राएल–अमरीका के बीच जारी संघर्ष से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ गया है। बढ़ते तनाव के बीच ईरान के एक सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि उनका देश अमरीका के साथ बातचीत नहीं करेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमरीकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। श्री अराघची ने इन हमलों को आक्रामक गैरकानूनी कृत्य बताया और कहा कि ईरान की कार्रवाई आत्मरक्षा थी। इस बीच अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमरीका कुवैत में मारे गए अपने तीन सैनिकों की मौत का बदला लेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि ईरान के नौ युद्धपोत डूब गए हैं और नौसेना का मुख्यालय भी काफी नष्ट हो गया है। इधर, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने कहा है कि वे ईरान के हमलों का मुकाबला करने के लिए अमरीका के साथ हैं। खाड़ी देशों के एक समूह ने कहा कि वे ईरानी हमलों का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बिहार सरकार ने प्रवासी बिहारियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने दिल्ली स्थित बिहार भवन से हेल्पलाइन की शुरूआत की है। हेल्पलाइन नंबर है– **सात दो– एक सात– सात आठ– आठ एक– एक चार।** प्रवासी कामगार किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता या समस्या के समाधान के लिए इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने कहा है कि एक टीम चौबीसों घंटे सातों दिन हेल्पलाइन नंबर की निगरानी करेगी और आवश्यकता होने पर संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित करेगी।

—————————————————————————————————

नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले भारत–नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर आज मध्यरात्रि से पांच मार्च की मध्य रात्रि तक सीमाएं सील रहेंगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए नेपाल सरकार ने भारत के साथ लगती अपनी

एक हजार आठ सौ अस्सी किलोमीटर लंबी सीमा को बंद करने का आदेश जारी किया है।

———रिपोर्ट———

आज आधी रात से पांच मार्च की आधी रात तक यानी कुल बहत्तर घंटे के लिए सीमाओं को सील किया जायेगा। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के सभी प्रवेश द्वार और नाके बंद रहेंगे। वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और व्यापारिक गतिविधियां भी बंद रहेंगी। हालांकि आपातकालीन सेवाओं जैसे—एम्बुलेंस, जीवनरक्षक दवाओं की गाड़ियों और दमकल को विशेष जांच के बाद आने—जाने की अनुमति दी जायेगी। इधर, सीमा पर तैनात एसएसबी और नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल ने आपसी समन्वय बढ़ा दिया है। चप्पे—चप्पे पर गश्त की जा रही है। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं सविता पारीक।

————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। श्रीमती मुर्मु दिल्ली सरकार की महिलाओं को समर्पित योजनाओं के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना जैसी पहलों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

———बाइट———

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना करोड़ों महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाती है। प्रधानमेंत्री मुद्रा योजना के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दी जा रही है। लखपति दीदी योजना जैसी पहलों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी पहल महिलाओं के स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभा रही है। महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण, समान वेतन का अधिकार और संपत्ति में अधिकार के लिए भी अनेक सुधार किये गए हैं।

————————————————————————————

प्रदेशभर में होली के त्योहार को लेकर उत्सव का माहौल है। आज मध्य रात्रि के बाद होलिका दहन किया जायेगा जबकि रंगोत्सव चार मार्च को मनाया जायेगा। पंचांगों के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा आज शाम चार बजे से शुरू होकर कल शाम तक रहेगी। होली को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में रौनक देखी जा रही है। रंग—गुलाल, पिचकारी और मिठाईयों समेत अन्य वस्तुओं की खरीददारी को लेकर बाजारों में दुकानें सजी हुई हैं। जगह—जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पटना में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। सीवान

में आयोजित होली मिलन समारोह में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और जमुई में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह शामिल हुईं।

होली के मौके पर शांति –व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जगह–जगह सुरक्षा बल फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य संस्थानों के साथ ही अग्निशमन दस्ते को भी अलर्ट पर रखा गया है। इधर, राजधानी पटना में भी होली को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन के दौरान अगलगी की घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के चार सौ पचास से अधिक कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहेंगे।

–––बाइट–––

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने होलिका दहन पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री कुमार ने कामना कि है की होलिका की पवित्र अग्नि हमारे जीवन की सभी नकारात्मकताओं का नाश करेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने होलिका दहन के अवसर पर लोगों से दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की अपील की है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक जैसे प्रदूषणकारी सामान नहीं जलाने को कहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राज्यसभा की सभी पांच सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है। श्री पासवान आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

–––बाइट–––चिराग–11 सें

इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा राज्यसभा चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श के लिए दिल्ली गये हैं। श्री कुशवाहा भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत एनडीए के कई नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के सैदपुर और बाकरगंज में भूमिगत नाला निर्माण और सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने अधिकारियों को तेजी से काम पूरा करने के निर्देश दिये।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के गंगवा गांव के पास घोघारी नदी पर बन रहा आरसीसी पुल का एक हिस्सा ढलाई के दौरान अचानक ध्वस्त हो गया। घटना में किसी प्रकार के जान–माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। जिलाधिकारी पवन सिन्हा ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता के खिलाफ कार्रवाई के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को पत्र लिखा गया है। साथ ही संवेदक को काली सूची में डालने की अनुशंसा की गई है।

———बाइट———

———————————————————————————

नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले में मृतका के माता–पिता ने पुलिस महानिदेशक, पटना के एसएसपी समेत कई अन्य पुलिस अधिकारियों और सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ पटना व्यवहार न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार के अधिवक्ता एस. के. पांडेय ने यह जानकारी दी।

———बाइट———

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि मार्च से मई महीने के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा जिससे गर्मी का प्रभाव अधिक रहेगा। साथ ही इस अवधि में कई जिलों में लू चलने की भी आशंका है। इधर, प्रदेश के अधिकतर स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीनों दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ मोतिहारी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट का संवाद और कूटनीति से समाधान निकालने का आह्वान किया। कहा– भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

02 नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले भारत–नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई। आज मध्य रात्रि से पांच मार्च की मध्य रात्रि तक सीमाएं रहेंगी सील।

03. मौसम विभाग ने कहा– राज्य में मार्च से मई महीने के बीच सामान्य से अधिक गर्मी रहेगी। कई जगहों पर लू की भी जताई आशंका।

04. और, होलिका दहन आज। बुधवार को मनाया जायेगा रंगो का त्योहार होली।

————————————————————————————

समाप्त